(ग) इस सम्बन्ध में अभी तक किये गये उपायों से किसानों को क्या लाभ मिलने की सम्भावना है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव) : (क) से (ग) विभिन्न फसलों की उत्पादकता में वृद्धि करने के उद्देश्य से सरकार बीज की अधिक फसल देने वाली किस्मों, रसायन उर्वरकों, समय से बुआई तथा पानी का कुशल प्रयोग आदि जैसी नई तकनीकों का प्रचार कर रही है। इससे उत्पादन की प्रति इकाई लागत में कमी होने की आशा की जाती है। वित्त मंत्री जी ने भी 1988-89 के बजट में उर्वरक कम्पनियों द्वारा उर्वरकों की घोषित कीमतों में 7.5% की छूट, कई कीटनाशियों तथा कीटनाशी मध्यस्थों को उत्पाद कर से पूरी छूट तथा सीमा शुल्क में कमी 7500 रु० तक के फसल ऋणों पर ब्याज की दर को 12.5 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने तथा 7500 से 15,000 रु० तक के फल ऋणों पर ब्याज की दर 14 प्रतिशत से घटाकर 11.5 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम तथा ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम के अधीन पूर्णतया अनुसूचित जाति व जनजातियों के लाभ के लिए धन के आवंटन के प्रतिशत को 10— से बढ़ाकर 20% करके मिलियन कुओं की एक परियोजना प्रारंभ करने का भी प्रस्ताव किया है। इन उपायों से प्रति इकाई लागत कम करने तथा कृषि उत्पादों के लिए ज्यादा लाभ उपलब्ध कराने की आशा की जाती है।

दिल्ली में झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वालों के आर्थिक विकास के लिये धनराशि

2287. **श्री शरद यादव** : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा 1987-88 के वर्ष के दौरान दिल्ली में झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वालों के आर्थिक विकास के लिए कितनी धन-राशि आवंटित की गई थी ;

(ख) क्या इस धनराशि को पूरी तरह खर्च कर लिया गया है ;

(ग) यदि हां, तो इस धनराशि को किन शीर्षों के अधीन खर्च किया गया ; और

(घ) क्या यह सच है कि दिल्ली प्रशासन द्वारा इस राशि का दुरुपयोग किया गया है जिसके परिणाम-स्वरूप सरकार द्वारा नारायणा जैसी अनेक झुग्गी-झोंपड़ी कालोनियों में एक हैंडपम्प तक नहीं लगाया गया है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जायेगी।

गांवों का सड़कों से जोड़ा जाना

2288. **श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में अभी भी 65 प्रतिशत ऐसे गांव है जिन्हें सड़कों से जोड़ा जाना है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के लिए राशि का आवंटन पिछली तीन पंचवर्षीय योजनाओं में धीरे-धीरे कम हो गया है ; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं तथा क्या सरकार ने देश में गांवों को सड़कों से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर लक्ष्यपूर्ति की कोई तारीख निर्धारित की है ?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) योजना आयोग के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, देश में बारहमासी सड़कों से अभी जोड़े जाने वाले गांवों की संख्या मार्च, 1988 के अन्त तक लगभग 59 प्रतिशत होने की सम्भावना है।